**भारत सरकार**

**सूचना और प्रसारण मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 3028**

**(दिनांक 11.03.2026 को उत्तर देने के लिए)**

## प्रेस सेवा पोर्टल

**3028. श्री दामोदर अग्रवाल:**

**क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

(क) प्रेस सेवा पोर्टल के माध्यम से प्रेस एवं पत्रिका पंजीकरण (पी.आर.पी.) अधिनियम, 2023 के कार्यान्वयन की प्रगति का ब्यौरा क्या है;

(ख) सरकार द्वारा अधिरोपित दंड, निलंबित / रद्द किए गए प्रमाणपत्रों और इसके अंतर्गत निपटाई गई अपीलों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने आवधिक प्रकाशनों के लिए कारोबार में सुगमता पर इसके प्रभाव का कोई आकलन किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) सरकार द्वारा प्रेस और पत्रिकाओं के पंजीकरण का जिला-वार ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**सूचना और प्रसारण एवं संसदीय कार्य राज्य मंत्री**

**(डॉ. एल. मुरूगन)**

(क) से (ग): प्रेस और नियतकालिक पत्रिका रजिस्ट्रीकरण (पीआरपी) अधिनियम, 2023 के अनुसार, नियतकालिक पत्रिकाओं के पंजीकरण के लिए सभी आवेदनों को प्रेस सेवा पोर्टल के माध्यम से डिजिटल रूप से संसाधित किया जाता है। तदनुसार, प्रेस और पुस्तक पंजीकरण (पीआरबी) अधिनियम, 1867 (जो अब निरस्त हो चुका है) के तहत सृजित समाचारपत्रों के पंजीकरण के सभी भौतिक रिकॉर्डों (1.5 लाख से अधिक) को डिजिटाइज़ कर दिया गया है और प्रेस सेवा पोर्टल का हिस्सा बना दिया गया है। वर्तमान में, नई नियतकालिक पत्रिकाओं का पंजीकरण, मौजूदा नियतकालिक पत्रिकाओं के पंजीकरण में संशोधन, नियतकालिक पत्रिकाओं के स्वामित्व हस्तांतरण, वार्षिक विवरण दाखिल करना, जुर्माने का ऑनलाइन भुगतान, नियतकालिक पत्रिकाओं के प्रसार का सत्यापन आदि जैसी सेवाओं को प्रेस सेवा पोर्टल के माध्यम से संसाधित किया जा रहा है। अधिनियम के कार्यान्वयन के भाग के रूप में, 780 जिलों के निर्दिष्ट प्राधिकरणों को प्रेस सेवा पोर्टल पर शामिल किया गया है। 1 मार्च 2024 से

अब तक, कुल 11081 आवेदनों पर कार्रवाई की गई है और संबंधित श्रेणियों के लिए प्रमाण पत्र जारी किए गए हैं।

प्रेस सेवा पोर्टल के माध्यम से लगाए गए और भुगतान किए गए जुर्माने की एक विस्तृत सूची **अनुलग्नक-I** में संलग्न है और रद्द की गई नियतकालिक पत्रिकाओं की संख्या की एक विस्तृत राज्य-वार सूची **अनुलग्नक-II** में संलग्न है। सरकार अपनी विभिन्न पहलों और कार्यक्रमों के प्रभाव का निरंतर आकलन करती है। भारत के प्रेस महापंजीयक (पीआरजीआई) पोर्टल के माध्यम से बेहतर सेवाएँ उपलब्ध कराने के लिए निरंतर फीडबैक प्राप्त करते हैं और उस पर आवश्यक कार्रवाई करते हैं।

(घ): पंजीकृत समाचार पत्रों/नियतकालिक पत्रिकाओं की सूची पीआरजीआई की वेबसाइट अर्थात https://prgi.gov.in पर "हमारी सेवाएं" शीर्षक के अंतर्गत "पंजीकृत शीर्षक" टैब पर उपलब्ध है।

| **अनुलग्नक-I जैसा कि दिनांक 11.03.2026 के लिए पूछे गए लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3028 'प्रेस सेवा पोर्टल' के उत्तर में उल्लेख किया गया है** | | |
|---|---|---|
| **दिनांक 27.02.2026 तक प्रेस सेवा पोर्टल के माध्यम से लगाए गए और भुगतान किए गए जुर्माने का विवरण** | | |
| **क्रम संख्या** | **प्रकाशन का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र** | **प्राप्त की गई कुल जुर्माना राशि (रु.)** |
| 1 | कर्नाटक | 52,74,000 |
| 2 | ओडिशा | 9,20,000 |
| 3 | तमिलनाडु | 44,17,000 |
| 4 | हरियाणा | 4,72,000 |
| 5 | महाराष्ट्र | 99,60,000 |
| 6 | पश्चिम बंगाल | 13,87,000 |
| 7 | दिल्ली | 37,92,000 |
| 8 | गुजरात | 37,59,000 |
| 9 | उत्तर प्रदेश | 44,08,000 |
| 10 | आंध्र प्रदेश | 30,72,000 |
| 11 | छत्तीसगढ़ | 8,44,000 |
| 12 | मध्य प्रदेश | 82,84,000 |
| 13 | केरल | 17,39,000 |
| 14 | तेलंगाना | 12,61,000 |
| 15 | पंजाब | 8,33,000 |
| 16 | जम्मू और कश्मीर | 6,63,000 |
| 17 | राजस्थान | 26,77,000 |
| 18 | उत्तराखंड | 8,68,000 |
| 19 | झारखंड | 2,02,000 |
| 20 | बिहार | 5,09,000 |
| 21 | हिमाचल प्रदेश | 1,12,000 |
| 22 | त्रिपुरा | 1,42,000 |
| 23 | चंडीगढ़ | 1,50,000 |
| 24 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 18,000 |
| 25 | असम | 2,55,000 |
| 26 | नागालैंड | 9,000 |
| 27 | सिक्किम | 1,59,000 |
| 28 | गोवा | 33,000 |
| 29 | मिजोरम | 50,000 |
| 30 | पुडुचेरी | 45,000 |
| 31 | मणिपुर | 51,000 |
| 32 | दादरा और नगर हवेली | 9,000 |
| 33 | मेघालय | 9,000 |
| 34 | अरुणाचल प्रदेश | 0 |
| | **कुल राशि** | **5,63,83,000** |

| अनुलग्नक-II जैसा कि दिनांक 11.03.2026 के लिए पूछे गए लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3028 'प्रेस सेवा पोर्टल' के उत्तर में उल्लेख किया गया है | | |
|---|---|---|
| **रद्द किए गए प्रकाशनों की संख्या का राज्यवार विवरण** | | |
| **क्रम संख्या** | **प्रकाशन का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र** | **रद्द किए गए प्रकाशनों की संख्या** |
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 69 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 2485 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 12 |
| 4 | असम | 612 |
| 5 | बिहार | 1703 |
| 6 | चंडीगढ़ | 534 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 817 |
| 8 | दादरा और नगर हवेली | 5 |
| 9 | दिल्ली | 11920 |
| 10 | गोवा | 131 |
| 11 | गुजरात | 3539 |
| 12 | हरियाणा | 1854 |
| 13 | हिमाचल प्रदेश | 289 |
| 14 | जम्मू और कश्मीर | 582 |
| 15 | झारखंड | 325 |
| 16 | कर्नाटक | 5059 |
| 17 | केरल | 3541 |
| 18 | लक्षद्वीप | 7 |
| 19 | मध्य प्रदेश | 4806 |
| 20 | महाराष्ट्र | 12403 |
| 21 | मणिपुर | 226 |
| 22 | मेघालय | 87 |
| 23 | मिजोरम | 163 |
| 24 | नागालैंड | 17 |
| 25 | ओडिशा | 1723 |
| 26 | पुडुचेरी | 125 |
| 27 | पंजाब | 2481 |
| 28 | राजस्थान | 4851 |
| 29 | सिक्किम | 51 |
| 30 | तमिलनाडु | 6443 |
| 31 | तेलंगाना | 1962 |
| 32 | त्रिपुरा | 88 |
| 33 | उत्तर प्रदेश | 11987 |
| 34 | उत्तराखंड | 1096 |
| 35 | पश्चिम बंगाल | 6322 |
| | **कुल** | **88,315** |